**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

9425105928. 8319964648



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 137 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 27 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर

श्री सिद्धि विनायक

अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध

हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम

हृदय रोग विशेषज्ञ



**डॉ. पवन मेहता**

MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)

Consultant Interventional Cardiology

परामर्श समय -

प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333




# पुलिस वालों का फोन..

## आपका बेटा रेप में फंस गया है, जैल भेज दे या पैसे देकर सेटलमेंट करना..!

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आपका बेटा रेप केस में फंस गया है। उसे जैल भेज दे या पैसे देकर सेटलमेंट करना है? यह फोन खुद को पुलिस वाला बताने वाले कर रहे हैं। हकीकत में यह पुलिस वाले नहीं, बल्कि साइबर ठगी कर रहे हैं। मंदसौर में ऐसे दर्जनों केस आ चुके हैं। इसमें कईयों ने शिकायत थाने पर भी की है।

इन दिनो साइबर ठगी का नया तरीका सामने आ रहा है। जालसाज पुलिस अफसर बनकर लोगों को फोन कर रहे हैं कि उनका बच्चा अपराध में पकड़ा गया है। बात रफादफा करना है या बच्चे को जैल भेजना है, तय कर लो। सीधी धमकी से अभिभावकों को धमका कर जालसाज पैसा ऐंठ रहे हैं। ठगी का धंधा वॉइस क्लोनिंग (आवाज की नकल) के जरिये चलाया जा रहा है। शहर में भी कई लोग ठगों के इस पैंतरे में फंस चुके हैं।

### मारपीट और चिल्लाने की भी आवाज...

वॉइस क्लोनिंग के जरिए यह पूरा खेल खेला जा रहा है। इसमें अभिभावक को मारपीट, रोने और चिल्लाने जैसी आवाज भी आती है। हाल ही में आए केस में कुछ पीड़ितों ने बताया कि धमकाने वाले साइबर ठग धमकाने वाले मोबाईल को चालू रखते हुए दूसरे मोबाईल से फोन पे या गुगल पे से रुपए डालने की बात करते हैं। इसके लिए अलग से फोन पे या गुगल पे नंबर भी दिया जाता है।

### रोते हुए युवक से कराई बात...

मंदसौर निवासी सुशीला व्यास ने बताया 20 दिन पहले उनके पास फोन आया। उनका बेटा अहमदाबाद में है। फोन करने वाले ने सीधे कहा कि वह पुलिस अधिकारी बोल रहा है। उनका बेटा बलात्कार में पकड़ा गया है। उसे बचाना है तो फोन पे नंबर भेजा है। इस पर पैसा भेजो, वरना उसे जैल भेजने में देर नहीं लगेगी। एक बार तो फोन करने वाले की बात सुनकर पत्नी सहम गई। लेकिन, पैसा ट्रांसफर नहीं किया। बेटे को तलाशा तो वह अपने कार्यस्थल पर ही था। नगर पालिका के पूर्व सभापति विनोद डगवार के पास भी कुछ दिनो पहले इस तरह का फोन गया था। लेकिन, उन्होंने ज्यादा जल्दी नहीं दिखाई और पहले अपने बेटे को फोन लगाया। हालांकि, उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। यह सिर्फ उदाहरण है। ऐसे कई लोगों के पास इस तरह के फोन पहुंच रहे हैं।

### यह रखें सावधानी...

ठगों के फोन उन अभिभावकों के पास ज्यादा आते हैं, जिनके बच्चे कॉलेज या उसके समकक्ष क्लास में हैं। इससे जाहिर है जालसाज बच्चों के स्कूल, कॉलेज या दूसरे शिक्षण संस्थानों से उनका डाटा हासिल कर रहे हैं।


ऐसे फोन कॉल पर एकदम भरोसा नहीं करें। अनजान कॉल आए तो पहले बच्चों की लोकेशन लें।

बच्चों का फोन नहीं लगे तो उनके दोस्तों या टीचर को कॉल कर उनकी लोकेशन पता करें।

### डरने की कोई जरुरत नहीं...

पुलिस द्वारा इस तरह के कभी कॉल नहीं किए जा सकते है। लोगों को इससे डरने की जरुरत नहीं है।

**किशोर पाटनवाला**
**टीआई, शहर कोतवाली**



**सफेद सोना–** दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को खुली मंदसौर कृषि उपज मंडी में लहसून की बंपर आवक हुई। इधर मंडी में नई व्यवस्था भी शुरु हुई। अब ट्राली में ही तुलेगा गेहूं, सुबह करीब 50 ट्रालियों में गेहूं नीलाम किया गया। बाकी कम माल के ढेर नीलाम किए गए।

# मार्च के दूसरे सप्ताह में लग सकती है आचार संहिता

## अप्रैल और मई में होगा लोकसभा चुनाव के लिए मतदान

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश के आम चुनाव 2024 करीब आ गए हैं। जल्द ही पूरे देश में आचार संहिता भी लगने वाली है। इस बीच चुनाव आयोग ने कई राज्यों के दौरे कर वहां की स्थिति की समीक्षा की है। नव मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। आमचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारी भी अंतिम दौर में है। मध्यप्रदेश की 29 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए राज्य सरकार के कर्मचारी, शिक्षक आदि चुनाव की तारीखों को लेकर क्यास लगा रहे हैं। सभी चाहते हैं कि जल्द से जल्द इसकी घोषणा हो जाए तो वे आगे की प्लानिंग कर सकें।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी चुनाव कराने की कोशिश निर्वाचन आयोग कर रहा है। पिछली बार 10 मार्च को आचार संहिता लगी थी। इस बार भी कोशिश की जा रही है कि 10 मार्च को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए। लेकिन परीक्षाओं के कारण तारीखों के ऐलान में थोड़ा विलंब हो सकता है। यह भी हो सकता है कि चुनाव की तारीखों का ऐलान मार्च के दूसरे सप्ताह या तीसरे सप्ताह की शुरुआत में हो सकता है। आचार संहिता लगने के लगभग 30 दिनों में चुनाव प्रक्रिया शुरु करना होती है। क्योंकि, कुछ राज्यों में चुनाव आयोग के दौरे होने वाले हैं जो 13 मार्च को खत्म होंगे। इसी के बाद कभी भी आचार संहिता लगने की संभावना है।

### अप्रैल-मई में होंगे चुनाव...

जैसा कि पिछले चुनावों की तरह ही इस बार भी कोशिश की जा रही है कि चुनाव समय पर आयोजित किए जाएं। इसलिए इस बार भी अप्रैल और मई माह की अलग-अलग तारीखों में मतदान कराया जा सकता है। पिछली बार की तरह ही 30 मई तक परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। पिछले चुनाव में 7 चरणों में मतदान हुआ था, तो इस बार भी 7 चरणों में करने की तैयारी की जा रही है।

### कुछ देरी से होंगे चुनाव...

निर्वाचन आयोग के सूत्रो के मुताबिक इस बार आम चुनाव एक सप्ताह विलंब से हो सकते हैं। क्योंकि, कई राज्यों में सीबीएसई परीक्षा चल रही है। वहीं मध्यप्रदेश में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं चल रही हैं। इसलिए यह भी माना जा रहा है कि एक सप्ताह विलंब से आचार संहिता लग सकती है। वहीं इसका असर चुनाव तारीखों पर भी पड़ सकता है। चुनाव की तारीखें भी एक सप्ताह आगे बढ़ सकती है।



# फिर होगी तेलिया तालाब की नपती

## 28 अधिकारियों, कर्मचारी की टीम बनाई, एक सप्ताह में देना होगा नपती कर प्रतिवेदन

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब का जिन्न एक बार फिर बाहर आया है। अब तीसरी बार तालाब की नपती कर सीमांकन किया जाना है। दरअसल एनजीटी के आदेश के बाद हैदराबाद की जिस कंपनी द्वारा बनाए गए नक्षे को सही माना गया है। उस नक्षे के अनुसार अब पुनः नपती कर 7 दिवस में प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा जाना है।

शनिवार को मंदसौर शहर तहसीलदार ने तेलिया तालाब की तीसरी बार नपती करने के लिए 28 अधिकारियो, कर्मचारियो की टीम बनाई है। आदेश में कहा गया है कि एनजीटी के आदेश दिनांक 06/11/23 और 08/01/24 के पालन में एनजीटी में प्रस्तुत नक्षे के आधार पर तेलिया तालाब का सीमांकन किया जाना है। सीमांकन के लिए बनाई गई टीम में नायब तहसीलदार रघुनाथ मचार, राहुल डाबर, कार्यपालन यंत्री नपा परिषद मंदसौर, विनिता दृश्यांकर प्रभारी उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश नीमच, जीएस पाटीदार सहायक यंत्री जल संसाधन विभाग, महेशचंद्र शर्मा, रोहित केथवास और शाहिद मिर्जा उप यंत्री नपा मंदसौर, राजस्व निरीक्षक विकास चौहान, संतोष घाटिया, नारायण चौहान, पुनमचंद वसुनिया, नपा समयपाल प्रवीण शर्मा, नपा पटवारी जगदीश मोड़, पटवारी महेश पाटीदार, प्रवीण व्यास, राजेश मेहता, अक्षय शुक्ला, परीक्षित चौहान, अरविंद जैन, शरद दीपांकर, दिनेश सूर्यवंशी, महेश भावसार, जसपाल रावत, ममता चंद्रावत, आशा चोरमा, मधुसुदन चौहान, कुलदीप मकवाना शामिल है। आदेश में कहा गया है कि एनजीटी द्वारा निर्देशानुसार एक सप्ताह में सीमांकन कर प्रतिवेदन भिजवाना सुनश्चित करें। जानकारी के अनुसार टीएनसी नीमच ने हैदराबाद की कंपनी से ड्रोन द्वारा तालाब का नक्षा बनवाया गया है। उसी नक्षे के आधार पर सीमांकन किया जाना है। सूत्रो के मुताबिक आज मंगलवार से सीमांकन कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

### कई पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस महानिदेशक भोपाल ने कुछ पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। इसमें कुल 18 निरीक्षक शामिल है। मंदसौर और नीमच से कार्यवाहक निरीक्षक ओमप्रकाश चोंगडे को मंदसौर से बड़वानी, निरीक्षक जीतेंद्रसिंह सिसौदिया को नीमच से आगर मालवा, निरीक्षक दिनेश प्रजापति को नीमच से आगर मालवा, निरीक्षक मोहिनी परस्ते को नीमच से कटनी, निरीक्षक योगेंद्रसिंह सिसौदिया को मंदसौर से इंदौर स्थानांतरित किया गया है।

# एक क्विंटल से ज्यादा डोडा छिलका मिला, एक को दबोचा दो फरार

**नारायणगढ़, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाने की झार्डा पुलिस चौकी ने अडमालिया फंटे के पास पिकअप वाहन से एक क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा बरामद किया है। यहां पिकअप की पायलेटिंग कर रहे कार चालक को पुलिस ने कार जप्त कर गिरफ्तार किया है। लेकिन, पिकअप सवार दो जन पुलिस को देखकर भाग गए। जिनकी तलाश की जा रही है।



पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर अडमालिया फन्टा आम रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक बिना नम्बर की सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (पायलेटिंग वाहन) को रोककर कार चालक आत्माराम पिता शंकरलाल रैबारी उम्र 43 साल निवासी आसपुरा थाना सुवासरा को पकड़ा।इसी दौरान जेतली तरफ से एक बिना नम्बर का पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पिकअप का वाहन चालक व उसका एक साथी पुलिस की नाकाबंदी देख पिकअप छोड़कर खेतों में भाग गये।

### दो चार पहिया वाहन जप्त

पायलेटिंग वाहन मे मिले चालक आत्माराम से पुछताछ करने पर पिकअप से उतरकर भागे व्यक्तियों का नाम भगवान पिता बद्रीलाल रेबारी व भूरा रेबारी निवासी एरिया थाना गरोठ का होना बताया। मौके पर मिली पिकअप की तलाशी लेने पर उसमे फ्लोर पार्टीशन के नीचे से 06 काले रंग के कट्टो मे भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा वजन 103 किलो 200 ग्राम जब्त किया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।


### आरोपी 29 तक रिमांड पर...

पुलिस ने आरोपी कार चालक आत्माराम पिता शंकरलाल रैबारी उम्र 43 साल निवासी आसपुरा थाना सुवासरा को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 29 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। अब पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ करेगी कि वह डोडाचूरा कहां से लाया था और कहां भिजवा रहा था।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को किया खारिज, ज्ञानवापी तहखाने में जारी रहेगी हिंदुओं की प्रार्थना

**वाराणसी, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष को करारा झटका लगा है। मुस्लिम पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के एक तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने वाले फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। उस याचिका पर सोमवार 26 फरवरी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए वाराणसी जिला अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया।

बता दें कि बीते महीने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रार्थना कर सकता है। यह आदेश शैलेन्द्र कुमार पाठक की याचिका पर दिया गया था। उन्होंने कहा था कि उनके नाना सोमनाथ व्यास ने दिसंबर 1993 तक पूजा-अर्चना की थी। शैलेन्द्र कुमार पाठक ने कोर्ट से अनुरोध किया था कि एक वंशानुगत पुजारी के रूप में उन्हें तहखाने में प्रवेश करने और पूजा फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाए। वाराणसी जिला अदालत का मंदिर में पूजा करने वाला आदेश मस्जिद परिसर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (जीएसआई) की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद आया था। मामले के संबंध में उसी अदालत द्वारा आदेशित जीएसआई सर्वेक्षण में सुझाव दिया गया कि मस्जिद का निर्माण औरंगजेब के शासन के दौरान एक हिंदू मंदिर के अवशेषों पर किया गया था। हालांकि, मस्जिद समिति ने याचिकाकर्ता के संस्करण का खंडन किया। समिति ने कहा कि तहखाने में कोई मूर्ति मौजूद नहीं थी, इसलिए 1993 तक वहां प्रार्थना करने का कोई सवाल ही नहीं था। इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा वाराणसी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करने के कुछ ही घंटों के भीतर मस्जिद समिति 2 फरवरी को उच्च न्यायालय चली गई। जिस पर 15 फरवरी को दोनों पक्षों को सुनने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।





# हवा के साथ बारिश, ओले गिरने की संभावना

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार से अगले तीन दिन मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। यह सिस्टम काफी स्ट्रॉन्ग बताया जा रहा है। इस दौरान मौसम विभाग ने प्रदेश के 31 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। 28 फरवरी से सिस्टम कमजोर होगा, इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी। अंचल में सोमवार सुबह से बादल छाए रहे। हवा भी चलती रही। शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि चक्रवाती घेरे की वजह से पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के ग्वालियर-चंबल में हल्की बूंदाबांदी हुई है। वहीं, बिहार के आसपास और छत्तीसगढ़ से तेलंगाना तक भी ट्रफ लाइन गुजर रही है। प्रति चक्रवात की वजह से आंध्र प्रदेश और ओडिशा तट के आसपास हवाएं भी चल रही हैं, जिससे मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में नमी आ रही है। इस कारण अगले 3 दिन के लिए प्रदेश में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। तीन दिन में ओले, तेज हवा और बारिश का दौर जारी रहेगा।

# लोकसभा चुनाव: बीजेपी ने की रायशुमारी

## पूर्व मंत्री कमल पटेल, राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने की प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा

**देवीलाल धाकड़, यशपाल सिंह सिसोदिया, अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत, नानालाल अटोलिया, मदनलाल राठौर, महेंद्र भटनागर, पवन पाटीदार के नाम आए**

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारी का काउंटडाउन शुरु हो गया है। बीजेपी ने अपने पदाधिकारियों को सभी लोकसभा मुख्यालय पर भेजकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी शुरू कर दी है। सोमवार को एमपीटी (टूरिज्म मोटल) में पूर्व मंत्री कमल पटेल, प्रदेश के राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी केजनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों से चर्चा कर उनसे उम्मीदवारी को लेकर चर्चा की और उनका मत जाना। बता दे की बीजेपी के लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक, लोकसभा क्षेत्र की सभी नगर पालिका और नगर परिषदों के अध्यक्ष, सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, बीजेपी जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित पूर्व एवम वर्तमान जिलाध्यक्ष को आमंत्रित किया गया था। सूत्रों के अनुसार रायशुमारी में वर्तमान सांसद सुधीर गुप्ता सहित पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, यशपाल सिंह सिसोदिया, अजयसिंह चौहान, अनिल कियावत, नानालाल अटोलिया, मदनलाल राठौर, महेंद्र भटनागर, पवन पाटीदार के नाम सामने आए है।




# किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा घटिया काम

## जपं की बैठक में बसंत शर्मा की दो टूक, अनुपस्थित अधिकारियों को लेकर जताई नाराजगी

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत में विभिन्न मदों से होने वाले निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और शासन की मंशा पूर्ण हो। यदि कहीं किसी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामने आता है, तो कडी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्थिति में घटिया कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात जनपद पंचायत मंदसौर के अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने कही। वे सोमवार को जनपद पंचायत परिसर में आयोजित जनपद पंचायत की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

श्री शर्मा ने कहा कि जनपद, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण इकाई है। जनपदों के माध्यम से ग्राम विकास की अवधारणा सुनिश्चित होती है। जनपद पंचायत का सदस्य पंचायती राज का एक महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधि है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यक्रमों एवं अन्य आयोजनों में जनपद सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को पूर्ण सम्मान दिया जाए। जनपद सदस्यों की अनदेखी या अवहेलना ठीक नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा यह दायित्व है कि हम ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग करें और शासन की मंशा अनुसार बेहतर से बेहतर कार्य कर मंदसौर जनपद को प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ जनपद पंचायत बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर पीएचई विभाग के कार्यों को लेकर विभिन्न सदस्यों द्वारा असंतोष प्रकट किया गया। बैठक में 15वें वित्त की राशि अब तक प्राप्त न होने को लेकर भी चिंता जताई गई और शासन स्तर से जल्द राशि प्राप्त किए जाने हेतु चर्चा की बात की गई। बैठक में वन विभाग, प्रधानमंत्री सड़क सहित अन्य ऐसे विभाग जो उपस्थित नहीं हुए, को लेकर नाराजगी जताई गई और संबंधितों को सूचना पत्र देने या उचित कार्रवाई की अनुशंसा की गई। इस अवसर पर बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती ममता विरम धनगर, सभापति श्रीमती रीता सुभाष जैन, श्री भगत गामी, श्री राम प्रसाद वर्मा, श्री राम प्रसाद नायक, सदस्यगण श्री बिलाल खा, श्री विकास दशोरा, श्री श्याम गूगर, श्री प्रेम सिंह पवार, श्री भेरूलाल पटेल, श्रीमती अर्चना टॉक, श्री मुकेश मालवीय, श्री राम प्रसाद वर्मा, श्री जय सिंह चौहान, श्रीमती ममता जगदीश जाट, श्री बंशीलाल धनगर, डॉ. लालचंद गुर्जर, श्री गिरधारी लाल मालवीय, श्री जगदीश राठौर, जनपद पंचायत सीईओ श्री राम प्रताप सिंह पवार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलाकार एक योगी होता है, जो आनंद की अनुभूति को परमात्मा तक ले जाता है -प्रो. रत्नम

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलाकार एक योगी होता है, जो आनंद की अनुभूति को परमात्मा तक ले जाता है। उपरोक्त विचार प्रो. के. रत्नम अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, चम्बल संभागग्वालियर द्वाराराजीव गाँधी शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में 10 दिवसीय ऐड ऑन कोर्स विषय सांस्कृतिक विरासत प्रबंधन कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर व्यक्त की है।



इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.एल.एन. शर्मा ने अतिथिका स्वागत करते हुए छात्रों को विरासत प्रबंधन एवं उसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। साथ ही कोर्स निर्देशक डॉ उषा अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के लोग संस्कृति के रखवाले है। हमें संस्कृति के उत्कृष्टनमूनों को अच्छी अवस्था में आने वाली पीढ़ी को सौपना है। विषय विशेषज्ञ डॉ. के. रत्नम ने कला परमपरा की विस्तृत विवेचना करते हुए बताया किभारत एक सांस्कृतिकजीता जागता राष्ट्र है। जब पूरा विश्व भोजन की तलाश मेंथा उस समय भारत में वेदों के मंत्रो की रचना हो रही थी। भारतीय परम्परा में मोक्ष की अवधारणा रही है। भारतीय चित्रण परम्परा बाघ से होकर अजंता से चलकर आज आधुनिक युग तक चली आ रही है श्रपरिवर्तन प्रकृति का नियम है। युध्द चित्रों से लेकर स्थानीय शैली, राजस्थानी, कांगड़ा चित्र शैलियों की अपनी विशेषताओं को आपने रखांकित किया।

भारतीय चित्रकला विभिन्न आक्रमणकारियों से प्रभावित हुई है। यद्यपि जहाँगीर के चित्रों में महाभारत एवं रामायण विषय रहे है। बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट की अपनी विशेषता है। नन्दलाल बोस के चित्रों में भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रभाव दिखाई देता है। आपने आगे बताया कि 1947 को स्वतंत्रता मिली किन्तु स्व तंत्र नहीं मिला। यह मात्र सत्ता का परिवर्तन हुआ है। किन्तु अपना स्व हम स्वयं स्थापित नहीं कर सके। भारतीयता के बोध को चित्रकला में स्थान देने की जरुरत है। कला से संरक्षण के लिए मानसिक मनोवृति को सुधारना होगा। मात्र सेल्फी लेना उद्देश्य नहीं होना चाहिए। स्मारकों को राष्ट्रीय संपत्ति मानकर संजोना आवश्यक है। धरोहर को संजोने के लिए सामाजिक वातावरण और मानसिक मनोवृति कानिर्माण करना व्यवहारिकता का जामा और धरातल पर उपयोग आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमन सिंह द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. शिव कुमार पाण्डेय द्वारा व्यक्त किया गया।



# नारायण सेवा परिवार द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन सम्पन्न

**मनासा, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नर सेवा ही नारायण सेवा हे, इसी उद्येश्य को लेकर मनासा नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था नारायण सेवा परिवार द्वारा समय समय पर मनासा नगर एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में, चिकित्सा, शिक्षा, एवं सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के शिविर आयोजित किये जाते हे ! इन शिविरों के माध्यम से कई जरुरत मंदो को नि:शुक सहायता उपलब्ध करवायी जाती है।

**नेत्र रोग निदान संस्था का प्रमुख लक्ष्य**–नारायण सेवा परिवार के सदस्य अनिल सारडा द्वारा बताया गया की, हमारी संस्था का एक मात्र उद्देश्य हे की हम अधिक से अधिक जरुरत मंद लोगो को सुविधा उपलब्ध करवा सके, हमारी संस्था का ये करीब 70 वा नि:शुल्क नेत्र रोग निदान शिविर हे, जो इस बार स्वर्गीय विमल कुमार जी गांधी की स्मृति में आयोजित किया गया ! इस शिविर में करीब 250 मरीजों की ओपीडी हुई हे, जिसमे से करीब 107 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किये गये ! जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय नीमच में होगा, वहीं ओपिडी मरीजों की जाँच भी गोमाबाई नेत्रालय से आयी डॉक्टरों की टीम के द्वारा की गयी, इस अवसर पर नारायण सेवा परिवार मनासा के सभी सदस्य मौजूद रहे !

# चारा/भूसा का जिले की सीमा से बाहर निर्यात पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में वर्तमान में रबी फसल तैयार होने से कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है फसल कटाई उपरांत प्राप्त चारे- भूसे को पशुधन हेतु उपलब्ध बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर मध्य प्रदेश राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में निर्यात तथा उद्योगों के बायलरों एवं ईट भट्ठों में पशु चारे- भूसे का ईंधन के रूप में उपयोग तथा मंदसौर जिला राजस्थान राज्य का सीमावर्ती जिला होने के कारण जिले की सीमा से बाहर अन्य राज्यों में निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिले में चारा, भूसा की पूर्ति बनाए रखने/कानून एवं व्यिवस्थाद बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मुक आदेश जारी किए है। उन्होंने आदेशित किया हैं कि कोई भी व्यक्ति या संस्थ्न पशुचारा(आहार) घांस, भूसा, चारा, कड़बी (ज्वार, मक्का के डंठल) आदि मंदसौर जिले से बाहर निर्यात नहीं करेगा। साथ ही उद्योगों एवं फेक्ट्री यों के बायलरों/ईट भट्ठों आदि में पशुचारे/भूसे का ईंधन के रूप में उपयोग नहीं करेगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्यं से अधिक मूल्या पर किसी भी व्य क्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पकन्न करने के लिए अनावश्यकक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईंधन उपयोगी भूसे का स्टाभक केवल लायसेन्सधारी उद्योग ही स्टाक कर सकेगा और इसकी सुरक्षा की जवाबदारी उस लायसेन्स धारी की रहेगी एवं प्रतिबंधित अव धि में जिले के बाहर लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सर्व-साधारण आम जनता को संबोधित है, और इसकी तामिली प्रत्येवक व्यगक्ति पर सम्यंकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है अत: दंड संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहरत यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्य क्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन सम्पन्न



**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रगतिशील रेडियोग्राफर्स संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश स्तरीय 2 दिवसीय अधिवेशन/ कांफ्रेंस का सफल आयोजन इन्दौर में आयोजित हुआ। जिसमें मंदसौर जिला इकाई के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य के रेडियोग्राफर्स, विशेषज्ञ, वरिष्ठ जनों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के रेडियोग्राफर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संतोष देवांगन के मुख्य आतिथ्य और मध्यप्रदेश राज्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। रेडटेककान-2024 कांफ्रेंस में सम्मिलित हुए रेडियोलॉजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा संघ की रूपरेखा, कार्यकारिणी और आगामी रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए प्रतिनिधियों द्वारा कांफ्रेंस के माध्यम से रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। कांफ्रेंस में समस्त प्रतिनिधियों, वरिष्ठों का सम्मान किया गया, जिसमे प्रदेश सचिव द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, मंचासिन प्रदेश संयोजक श्री दिलीप बोटके, प्रदेश प्रवक्ता श्री ईमरान खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री दीपेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव श्री सत्येन्द्र कुमार उईके ने अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री विमल कुमार पाटीदार ने किया तथा आभार प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री महेश कुमार सैनी ने माना। जिसमें मंदसौर से कांफ्रेंस में जिला अध्यक्ष मोहनलाल धनगर व जिला सचिव सुनील सोनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मंदसौर जिला अध्यक्ष मोहनलाल धनगर ने दी।

## जिले के किसान चना, मसूर व सरसों के पंजीयन 10 तक कराये

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टलर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले के किसान 10 मार्च तक चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन करा सकते है। किसानों की सुविधा हेतु शासन द्वारा जिले में निर्धारित गेहुँ पंजीयन केंद्रों पर 10 मार्च 2024 तक चना, मसूर एवं सरसों की फसलों के पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

## बच्चों को किए वस्त्र वितरीत

**पिपलियामंडी, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महावीर पुस्तकाल व जैन सोशल गुरप पिपलियामंडी, नारायणगढ़ के तत्वावधान में विनोद-समता खिंदावत की ओर से शासकीय मावि पिपलियापंथ में बच्चों को कपड़ों का वितरण किया गया। गुरप अध्यक्ष दिनेश बंबोरिया, राजेन्द्र भंडारी, विनोद नलवाया, नीतेश जैन, विनोद खिंदावत, अर्पित दख सहित विद्यालय स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निर्गुण भजनों की दी प्रस्तुति

**पिपलियामंडी, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मेघवाल विकास परिषद् मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयन्ती पर निर्गुण भजन सत्संग मण्डल सोनी के कलाकारों ने अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक कमलेश सिनम ने यह जानकारी दी।

# नीमच जिले के कक्षा दो व तीन के बच्चों का बुनियादी साक्षरता वार्षिक सर्वे सम्पन्न

**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के कक्षा दो व तीन के बच्चों का बुनियादी साक्षरता वार्षिक सर्वे जिले के 89 शालाओ में 68 छात्राध्यापको ने सम्पन्न किया। वार्षिक सर्वे कक्षा दो व तीन केबच्चोंकेबुनियादी साक्षरता एवंसंख्या ज्ञान (एफएलएन) केसंबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद व सुश्री किरण आंजना के मार्गदर्शन में एफएलएन वार्षिक सर्वे राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जिले की चयनित 89 शालाओं में डाइट के छात्राध्यापक के सहयोग से 20 से 26 फरवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस संबंध में जिला निपुण प्रोफ़ेशनल सुश्री अर्पिता शर्मा ने बताया, कि एफएलएन वार्षिक सर्वे से कक्षा 2 व 3 के बच्चों के लर्निंग लेवल का आकलन किया जायेगा, जिसके आधार पर जिले की स्थिति समझते हुए कक्षाओं में कार्य किया जा सके। डाइट के छात्र अध्यापकों के लिए भी यह सीखने का बढ़िया अवसर रहा। सभी सर्वे में काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने सर्वे में आकलन करते हुए बुनियादी शिक्षा के महत्व को जाना एवं बुनियादी शिक्षा में सुधार हेतु किए जाने वाले नवाचारों को सीखा। इस हेतु इन्हे पूर्व में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले से सहायक परियोजना समन्वयक श्री नरेश जोशी, बीएसी श्री बी.एल.जादम, बीएसी श्री उदयराम भाट ने सर्वे प्रक्रिया का अवलोकन किया।

# रांची टेस्ट जीतकर टीम इंडिया ने सीरिज में बनाई बढ़त




**रांची, 26 फरवरी।** टीम इंडिया के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रांची टेस्ट की जीत भारत की झोली में डाल दी है। टीम इंडिया ने यह टेस्ट इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर जीत लिया है। सोमवार को चौथे दिन टीम ने 192 रन के टारगेट को 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया सीरीज में 3-1 से आगे है, यानी पांच मैचों की सीरीज भी अपने नाम कर ली है। 192 रनों के टारगेट को भारतीय टीम ने खेल के चौथे दिन (26 फरवरी) चाय से पहले हासिल कर लिया। शुभमन गिल 52 और ध्रुव जुरेल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। लंच के बाद शोएब बशीर ने लगातार गेंदों पर रवींद्र जडेजा और सरफराज खान को आउट करके मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया। 120 रनों पर पांच विकेट गिरने के बाद भारत को एक उपयोगी साझेदारी की सख्त दरकार थी। ऐसे में ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल ने फैन्स को निराश नहीं किया और भारत को मुश्किल से उबारकर जीत तक पहुंचा दियान गिल और जुरेल ने छठे विकेट के लिए नाबाद 72 रनों की पार्टनरशिप की।

## पाटीदार का निधन, शवयात्रा आज



**टकरावद, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत चिलोद पिपलिया के वर्तमान सरपंच राहुल पाटीदार पिता चेतराम पाटीदार ( भाजपा नेता) का आकस्मिक निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह लंबे समय से अपना उपचार अहमदाबाद करवा रहे थे। खबर सुनते ही ग्राम एवम आसपास क्षेत्र में में शोक की लहर छा गयी। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 9 बजे किया जाएगा।

## व्यंग्य: गिद्धों की पहचान

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गिद्ध दो तरह के कहे जाते हैं, एक आसमान में उड़ने वाले गिद्ध,दूसरे धरती पर विचरण करने वाले ।आसमान में उड़ने वाले गिद्धों की गणना - पहचान आसानी से की जा सकती है पर धरती पर विचरण करने वाले गिद्धों की गणना मुश्किल ही नहीं असंभव सी है। आसमानी गिद्धों की पहचान एकदम आसान है, जिसने एक बार गिद्ध देखें हैं वह देखते ही एकदम बता देता है कि ये तो गिद्ध हैं और पक्षी विशेषज्ञ तुरंत इसका प्रकार भी बता देते हैं कि ये भारतीय गिद्ध हैं या राज गिद्ध, स्थापित गिद्ध है या प्रवासी किन्तु धरती पर विचरण करने वाले गिद्धों को आसानी से नहीं पहचाना जा सकता। ये बहरुपिए होते हैं जो आदमी -औरत की शक्ल में सबके बीच रहते हैं। आसमानी गिद्ध तो बेचारे मुर्दा खोर होते हैं , धरती के ये गिद्ध ज़िन्दा खोर होते हैं अवसर देखा लार टपकी तो ये ये अपने अड़ोसी-पड़ोसी , परिवार के सगे, मित्र , तक को नहीं छोड़ते, सामान्य जन तो ठीक,राष्ट्र के नियम -संपत्ती - अस्मिता भी इनके कहां लगे ? ये गिद्ध सब चट कर जाते हैं। ये ऐसा ताना -बुनते हैं कि कभी कभी अन्य देखने वालों को भी को ऐसा लगता कि ये जो कर रहा सही कर रहा है और जो ये सोचते हैं कि ये ग़लत कर रहा है, वे कुछ कर नहीं सकते, क्योंकि सारी मानवीय मशीनरी इनके दोनों पैरों के नीचे दबी रहती है व ये आराम से अपनी चोंच का इस्तेमाल करते रहते हैं। इसलिए कहा जाता है कि धरती पर चलने वाले ये गिद्ध ज़िंदा ही नहीं ये मुर्दा खोर भी बन जाते हैं। हिंदी का एक मुहावरा इन्हीं के लिए बना है , ' मरे का माल लुटने वाले ' मुर्दा खोर अर्थात् मरे हुए को खाने वाले, जिन्दा और मुर्दा खोर अर्थात जिन्दा और मुर्दा दोनों को समान भाव से खा जाने वाले। आसमानी गिद्ध गंदी और घिनौनी चीज खाते हैं धरती के गिद्ध ऐसी चीजें बाजार, राष्ट्र -समाज, धर्म -राजनीति , इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों में उगलते हैं। ये समाज -राजकाज, घर-बाजार आदि स्थानों पर न्यूनाधिक मात्रा में परोक्ष विद्यमान रहते हैं। इनकी गिद्ध दृष्टिये देखती रहती है कि कौन मजबूर -दीन-हीन , परिवार के झगड़े में उलझा है बस उस पर जाल फैंकते हैं और टूट पड़ते हैं उसे नोचने। ये गिद्ध सभ्य का चोला पहने रहते हैं ।इनकी पहचान करने के लिए भी आसमानी गिद्ध दृष्टि चाहिए। इनका आप विरोध नहीं कर सकते किन्तु सावधान तो रह सकते हैं।पहचान कर सकें तो करें ताकि जिंदा - मुर्दा खोर धरती के गिद्धों से सावधान रहा जा सके।



**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

# नये भारतीय कानूनों का अध्ययन और उन्हें लागू करवाने में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण




**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत में तीन नये कानून आगामी 1 जुलाई से लागू होना हैं और 1 जुलाई से सभी कार्यवाहीया नये कानूनों के तहत ही होगी, इसलिये अभियोजन अधिकारीगण को नये कानूनों का अच्छे से ज्ञान होने और उन कानूनों को लागू करवाने में पुलिस एवं न्यायालय के समक्ष महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना हैं। उक्त उद्गार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने अभियोजन अधिकारीगण के लिए आयोजित एक दिवसीय विधिक ज्ञान संवर्धन एवं व्यावसायिक दक्षता पर कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

महानिदेशक/संचालक लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल म.प्र. श्रीमती सुषमा सिंह के मार्गदर्शन में अभियोजन अधिकारीगण के विधिक ज्ञान संवर्धन एवं व्यावसायिक दक्षता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविवार 25 फरवरी के न्यायालय परिसर नीमच स्थित ए.डी.आर. भवन के सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विजय कुमार सोनकर एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन के विशेष आतिथ्य में एवं उपसंचालक (अभियोजन) श्री बी. एस. ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया, कार्यक्रम में जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री जगदीश चौहान भी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री विवेक सोमानी, श्री योगेश कुमार तिवारी, श्री चंद्रकांत नाफड़े एवं श्री रमेश नावड़े ने किया। जिला अभियोजन अधिकारी श्री जगदीश चौहान ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा को अतिथिगण के समक्ष प्रस्तुत किया, कार्यक्रम में प्रतिभागी अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री विजय कुमार सोनकर ने कार्यशाला के आयोजन को विधिक ज्ञानवृद्धि हेतु आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी अभियोजन अधिकारीगण से कानून के प्रति जागरूक रहने और विभिन्न कानूनों में नित नये संशोधनों से अवगत रहने की बात बताते हुए कहा कि, आगामी 01 जुलाई से तीन नये भारतीय कानून प्रभाव में आयेगें और इसके लिए अभियोजन अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्यों कि आमजन को जागरूक करने और पुलिस को नये कानून के प्रावधानों को बताने में एवं न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से उन्हें प्रस्तुत करने, अभियोजन अधिकारियों का दायित्व महत्वपूर्ण होगा। कार्यशाला के द्वितीय तकनीकी सत्र में सेवा निवृत्त उपसंचालक अभियोजन श्री सुशील कुमार जैन ने अतिथि विद्वान के रूप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए न्यायालय के समक्ष उक्त अधिनियम के प्रकरणों की पैरवी के समय अपनाये जाने वाली प्रक्रिया और सावधानियों के बारे में जानकारी दी और अपने विधिक अनुभव को अधिकारियों से साझा किया। कार्यशाला के तृतीय तकनीकी सत्र में श्री सुनील तलरेजा ने व्यक्तित्व कौशल एवं प्रबंधन के बारे में अधिकारीगण को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया उपस्थित थे, जिन्होंने पुलिस की कार्यवाही को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में अभियोजन अधिकारियों की भूमिका की सराहना करने हुए नये भारतीय कानूनों से पुलिस अधिकारियों एवं अनुसंधान अधिकारियों को अवगत कराने में अभियोजन अधिकारीगण के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया, अंत में श्री सिसोदिया ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन अभियोजन अधिकारी श्री पारस मित्तल ने किया एवं श्री चंद्रकांत नाफड़े ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2161 | 2300 |
| उड़द | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3100 | 4000 | 4620 |
| गैहु | 3000 | 2100 | 3053 |
| चना | 1384 | 4740 | 5560 |
| मसुर | 425 | 4850 | 5590 |
| धनिया | 1300 | 4990 | 6481 |
| लहसुन | 25000 | 5000 | 13900 |
| मैथी | 200 | 4800 | 6501 |
| अलसी | 1070 | 4605 | 5116 |
| सरसो | 2500 | 4300 | 4750 |
| तारामीरा | 6 | 4610 | 4613 |
| इसबगोल | 0000 | 0000 | 0000 |
| प्याज | 978 | 700 | 1780 |
| कलोंजी | 10 | 16000 | 18221 |
| डॉलर | 0000 | 0000 | 0000 |
| तिल्ली | 3 | 11500 | 13000 |
| मटरसुखी | 0000 | 00000 | 00000 |
| असालीया | 442 | 6201 | 7307 |

# प्रधानमंत्री ने विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन व रेल सुविधाओं की सौगात दी-मुख्यमंत्री

**मध्यप्रदेश में 33 से अधिक रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास और मिलेगी 133 रोड ओवर ब्रिज/अंडर पास की सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं की शिलापट्टिकाओं का किया अनावरण**



**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधुनिक और तेज रेलवे के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41 हजार करोड़ की लागत से देश के 554 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास के शिलान्यास, उद्घाटन समर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर से शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 33 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में 77 हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य जारी हैं, प्रदेश में रेलवे सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है, और हमें नई तकनीक और नई व्यवस्थाओं के साथ विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन एवं रेल सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीहोर जिले की जन आभार यात्रा में शामिल हुए। केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित किया।

**डबल इंजन की सरकार से हम समर्थ और सक्षम राज्य के लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश विकास की पटरी पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित है, रेलवे अधोसंरचना के विकास की यहां बहुत संभावनाएं हैं। यहां देश की दो प्रमुख रेलवे लाइनें तो संचालित हैं हीं, इसके साथ ही सीहोर होकर रामगंज मंडी तथा बुधनी की रेल लाइन बिछाने के कार्य को भी गति दी जा रही है। रेलवे अधोसंरचना के विकास को तेजी से पूरा किया जाएगा, इससे प्रदेश के विकास को और भी गति मिलेगी। हम समर्थ और सक्षम राज्य के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं।


**भोपाल-सीहोर-रायसेन, भोपाल-विदिशा, उज्जैन-इंदौर और उज्जैन-देवास ट्विन सिटी के रूप में विकसित होंगे**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग, रोजगार में बढ़ोत्तरी के साथ ही महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग की प्रगति के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। किसी भी योजना के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। सीहोर नगर पालिका द्वारा उनके सम्मुख रखे गए प्रस्तावों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि भोपाल और सीहोर का विकास समन्वित रूप से ट्विन सिटी के आधार पर होगा। दोनों नगरों को जोड़कर आवागमन के साधन, आवासीय परियोजनाएं और रोजगार के अवसरों के समग्र विकास की योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। उज्जैन-इंदौर, उज्जैन-देवास, भोपाल-विदिशा, भोपाल-सीहोर-रायसेन जिले अमृत काल में 2047 तक ट्विन सिटी के रूप में विकसित किए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आगामी वर्षों में देश चहुंमुखी विकास करेगा**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास और प्रगति से दुनिया में देश का नाम स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि धारा 370 की समाप्ति और मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति बडी उपलब्धियां है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी वर्षों में देश चहुंमुखी विकास करेगा, अंतरिक्ष में और अधिक उपलब्धियों के साथ ही गरीबों और महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

**सीहोरवासियों ने किया अधिक ट्रेनों के हाल्ट का अनुरोध**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के रेलवे स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाओं की शिलापट्टिकाओं का अनावरण किया। स्थानीय विधायक श्री सुदेश राय ने आभार प्रदर्शन किया एवं सीहोर वासियों की सीहोर रेलवे स्टेशन पर अधिक ट्रेनों के हाल्ट तथा अन्य अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराया।

**इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, खंडवा, सीहोर सहित प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास**–कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शिलान्यास के साथ ही 133 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं अंडरपास का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। प्रदेश के जिन 33 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के लिए शिलान्यास किया गया, उनमें सीहोर, जबलपुर, बीना, अशोकनगर, खिरकिया, साँची, शाजापुर, ब्यौहारी, बरगवाँ, नरसिंहपुर, पिपरिया, इन्दौर, उज्जैन, मंदसौर, मक्सी, नागदा, नीमच, शुजालपुर, खाचरोद, बालाघाट, छिंदवाडा, खण्डवा, मंडला फोर्ट, नैनपुर, सिवनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, मुरैना, हरपालपुर, दतिया और भिंड स्टेशन शामिल हैं। आरओबी में जबलपुर रेल मंडल के दो और भोपाल रेल मंडल के चार आरओबी शामिल हैं। अंडरपास के अंतर्गत जबलपुर में एक एवं भोपाल मंडल में दो स्थानों पर कार्य होंगें। उल्लेखनीय है कि मानवयुक्त समपार फाटकों को खत्म करने के लिए आरओबी/अंडरपास बनाया जाता है।

# अक्षय व वैभव बने हॉकी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी के विजेता



**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुवाहाटी असम में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में विजेता बनने पर मंदसौर के हॉकी खिलाडी वैभव खुसलानी व अक्षय दुबे को बहुत-बहुत बधाई यह जानकारी हॉकी मंदसौर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया व सचिव अविनाश उपाध्याय ने दी उन्होंने बताया कि यह दोनों खिलाडी आर एन टी यू यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि अक्षय व वैभव मध्य प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार द्वारा मंदसौर में संचालित फीडर सेंटर व खेलो इंडिया सेंटर के नियमित सदस्य रहे हैं वह यहाँ से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। अक्षय ने इस प्रतियोगिता में सेंटर हाफ की पोजीशन निभाते हुए चार गोल किए वहीं वैभव ने सेमी फाइनल में चंडीगढ़ के विरुद्ध किए प्रदर्शन को दोहराते हुए बेंगलुरु के विरुद्ध भी जबरदस्त प्रदर्शन किया और निश्चित समय तक मैच दो-दो से बराबर था लेकिन ट्राई बेकर में वैभव की शानदार गोलकीपिंग ने टीम को एक बार फिर जीत दिलाई ज्ञात रहे इस प्रतियोगिता में भारत की बेस्ट आठ क्वालीफाई यूनिवर्सिटी हिस्सा लेती है, अक्षय के पिता विनोद दुबे जहां मंदसौर बीएसएनएल में कार्यरत है वहीं वैभव के पिता शंकर खुसलानी अभिनंदन में चाय की होटल चलाते हैं, इन दोनों को भी बहुत-बहुत बधाई खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विनोद जी गर्ग, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, सीनियर खिलाडी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवडा, अजय सिंह गौड, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दुबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।

# रक्तदान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 250 प्रतिनिधियों का कल होगा सम्मान

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनसारंगी सेवा समिति, नंद सेवा संकल्प समिति ओर रक्त क्रांति फाउंडेशन गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में पहली बार रक्तदान महादान एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्टकार्य करने वाले देशभर के 200 से अधिक प्रतिनिधियों का सम्मान होगा। सम्मान समारोह नेशनल अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन 28 फरवरी 24 बुधवार को कालेज परिसर स्थित श्री कुशाभाऊ ठाकरे आडोटोरियम में होगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सर्वश्री नरेंद्र अग्रवाल, लोकेश पालीवाल, श्री दयाराम चौहान , राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह दवे ने बताया कि नेशनल अवार्ड सेरेमनी के इस वृहद आयोजन में देश भर के अनेक प्रांतो से प्रतिनिधि 27 फरवरी को मंदसौर पहुंच जाएंगे। विशेष कर देशभर ही नहीं विश्व के अनेक देशों से भी प्रतिनिधि मंदसौर पहुंच रहे हैं जिसमें श्रीलंका, नेपाल, भूटान के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा ,राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश ,बिहार, उड़ीसा सहित अन्य प्रांतों के करीब 250 प्रतिनिधि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। यह सभी वे प्रतिनिधि है जो अपने-अपने क्षेत्र में विशेष कर रक्तदान एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं।अनेक महानुभाव और मातृशक्ति तो 40 से 50 बार स्वयं भी रक्तदान कर चुके हैं। समारोह में अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राजसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री एवं सुवासरा के विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, गरोठ के विधायक श्री चंदरसिंह सिसोदिया, मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर ,मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ,भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिती अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, अग्रवाल समाज देशी पंचायत के अध्यक्ष श्री आशीष गुप्ता, भाजपा नेता श्री मानसिंह मच्छोपुरिया, अनिल कियावत ,मुकेश काला, समाज सेवी श्री गौरव रत्नावत एडवोकेट सहित अनेक सामाजिक धार्मिक कार्यों में सेवा करने वाले होंगे।

# प्रधानमंत्री 29 को विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उपस्थिति में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 29 फरवरी को विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश की अवधारणा को लेकर अनेक विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही नवनियुक्ति शासकीय कर्मियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण भी किया जावेगा। प्रदेश स्तरीय मुख्य् कार्यक्रम लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भी उपस्थित रहेंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय एवं नगरीय निकाय मुख्यालय तथा लोकार्पित/भूमिपूजन किए जा रहे कार्यो के कार्य स्थल पर भी किया जावेगा। अधिकाधिक लोगो को विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश कार्यक्रम को देखने एवं सुनने के लिए प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए सोमवार को विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश की अवधारणा पर 29 फरवरी को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और सभी जिलों को आवश्यक प्रबंध एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नीमच के एनआईसी कक्ष में इस वीडियों कांफ्रेसिंग में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद भी मौजूद थे।

## युवक ने लगाई फांसी

**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र की पुरानी नगर पालिका बंगला नंबर 60 इलाके में एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक शैलेंद्र सिंह पिता लाल सिंह राजपूत 30 वर्ष अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे पर लटक गया।

घटना की जानकारी मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतर कर पंचनामा बनाने के बाद शव को बड़े अस्पताल पहुंचाया।जहां परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# नि: शुल्क नेत्र व दंत परीक्षण शिविर सम्पन्न



**पिपलियामंडी, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब शक्ति पिपलिया के तत्वावधान में एडवोकेट जगदीश व गौरव रत्नावत की ओर से गांव बरखेड़ापंथ में स्व. प्रभुलाल रत्नावत व लक्ष्मीबाई रत्नावत की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र व दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। लाभमुनि नेत्रालय के डॉ. अशोक सोलंकी व परीन दंत चिकित्सालय के डॉ. निहार मेहरा ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की। 30 दंत व 170 नेत्र मरीजों का परीक्षण किया। लायंस क्लब अध्यक्ष मनीषा गोयल ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में जागृति के अभाव में लोग नेत्र व दंत संबंधी रोगों को लेकर जागरुक नही हो पाते है, इस कारण कई बार गंभीर परिणाम सामने आते है। लायंस क्लब संस्थापक नीलिमा अग्रवाल ने कहा साफ-सफाई के अभाव में दांतों में संक्रमण हो जाता है, आमजन को रोगों के बचाव के लिए जागरुक करने के लिए ही शिविर के आयोजन किए जा रहे है। सचिव सोनू फरक्या, शिखा गोयल, विद्या चोधरी, ज्योति जैन, मधु जैन, अलका जैन, समता जैन, आशा पाटीदार, जयश्री गोयल, अंगूरबाला पाटीदार, राजश्री पाटीदार, दीपिका पटवा, प्रियंका फरक्या आदि उपस्थित रहे।

## चौकीदार के भरोसे चल रहा....

# कुकड़ेश्वर का छात्रावास

**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के ग्राम कुकडेश्वर में स्थापित जूनियर बालक छात्रावास अधीक्षक की अनुपस्थिति में मात्र चौकीदारके भरोसे चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावास अधीक्षक बच्चुसीह तीन दिन के अवकाश पर गए हुए हैं लेकिन 5 दिनों के बाद भी वह अपनी ड्यूटी पर नहीं लौटे और बालक छात्रावास पर ताला लगा मिला साथ ही विद्यार्थी भी नदारद मिले ऐसी स्थिति में मात्र गार्ड के भरोसे छात्रावास चल रहा है। पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायत अनेक बार आती रहती है लेकिन जवाबदार अधिकारी लापरवाह कर्मचारियों के प्रति कठोर कार्रवाई नहीं करते जिसके चलते इसका का खामियाजा विद्यार्थियों को भोगना पड रहा है ऐसे समय में जबकि परीक्षाओं का समय नजदीक है और छात्रावास अधीक्षक लापरवाही करते हुए गार्ड के भरोसे छात्रावास को छोड देते हैं क्षेत्र के ग्रामीणों ने जवाबदार अधिकारियों से आग्रह किया है मामले में जानकारी लेकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जावे।

**जिला संयोजक ने नहीं उठाया फोन**– जब इस संदर्भ में जिला संयोजक राकेश राठौर से उनके मोबाइल नंबर 9479524385 पर संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

## जिले में रिफलेक्टर अभियान के तहत लगाये 8378 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों पर रिफलेक्टर



**नीमच, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एसपी श्री अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में नीमच जिले में गत 12 फरवरी 2023 को सडक सुरक्षा विशेष अभियान के तहत सभी 243 ग्राम पंचायतों में ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक नीमच जिले में सभी ग्राम पंचायतों में 8378 ट्रेक्टर, ट्रॉलियों पर रेडिमय रिफलेक्टर लगाये गये है। उपखण्डनीमच में क्षेत्र में 2580 टेक्टफर ट्रॉलियों, जावद में 2833 और मनासा उपखण्डे में 2572 ट्रेक्टंर, ट्रॉलियों पर, आरटीओ व्दारा 353 एवं मंडियों व्दारा 40 ट्रेक्टर ट्रालियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये गये है।

## फेमस गजल गायक पंकज उदास का मुंबई में निधन, 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस




**मुंबई, 26 फरवरी।** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को 72 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उधास परिवार के परिवार ने ट्वीट कर उनके निधन की जानकारी दी। एक बयान में, उन्होंने कहा, बहुत भारी मन से, हम आपको लंबी बीमारी के कारण 26 फरवरी, 2024 को पद्मश्री पंकज उधास के दुखद निधन के बारे में सूचित करते हुए दुखी हैं। यह खबर कई लोगों के लिए सदमे की तरह आई है।

गायक सोनू निगम उनकी मौत पर प्रतिक्रिया देने वाले पहले लोगों में से थे। सोनू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मेरे बचपन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा आज खो गया है। श्री पंकज उधास जी, मैं आपको हमेशा याद करूंगा। यह जानकर मेरा दिल रोता है कि आप नहीं रहे। जीवन का हिस्सा होने के लिए आपका शुक्रिया। शांति। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1980 में आहट नाम से एक गज़ल एल्बम जारी करके की। जल्द ही, वह भारत में गज़ल संगीत का पर्याय बन गए। बॉलीवुड में, गज़ल गायक ने संजय दत्त की फिल्म नाम के लिए लोकप्रिय ट्रैक चिमी आई है गाया था। यह गाना बहुत लोकप्रिय हुआ और इसने सभी को रुला दिया था।

## श्री खाटूश्यामजी मंदिर के पूर्व पुजारी शर्मा 29को मंदसौर आयेंगे



**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के जनता कॉलोनी स्थित श्री खाटूश्यामजी मंदिर के पूर्व प्रधान पुजारी गुरुदेव आशीष शर्मा का 29 फरवरी को मन्दसौर आगमन हो रहा है। श्री श्याम सखा मित्र मंडल एवं ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर चेरिटेबल ट्रस्ट, मंदसौर के सदस्यों ने बताया कि आगामी 29 फरवरी 2024 को श्री खाटूश्यामजी मंदिर के पूर्व प्रधान पुजारी गुरुदेव आशीष शर्मा भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में पूजन अर्चना करने के पश्चात् प्रात: 10.30 बजे श्री मनोकामनेश्वर मारुति राज बालाजी मन्दिर, महाराणा प्रताप चैराहे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएंगी जो संगीत महाविद्यालय के कार्नर से जनता कॉलोनी होकर श्री खाटूश्याम मन्दिर पहुंचेंगी। श्री श्याम सखा मित्र मंडल एवं ठाकुर अर्जुन सिंह राठौर चेरिटेबल ट्रस्ट ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारने का निवेदन किया है।



## मतदाता जागरूकता आभियान के अंतर्गत दिलवाई शपथ

**मनासा, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नेहरू युवा केंद्र ( युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार ) नीमच के सयुक्त तत्वाधान में जिला युवा खेल अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन में गहन मतदाता जागरूकता एवं पंजीयन आभियान के अंतर्गत विवेकानंद युवा क्लब द्वारा शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय के सहयोग से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के छात्र- छात्राओं में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर यूवाओ में जागरूकता फैलाई गई। इस दौरान श्री धनगर ने यूवाओ को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया व छ्धत लोकेश पाटीदार द्वारा छात्र - छात्राओ को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलवाई गई। इस दौरान CMCLDP के मनासा विकासखण्ड समन्वय महेंद्र पाल भाटी व मेंटर श्री डॉ.अर्जुन धनगर,राम धनगर,प्रह्लाद धनगर, अतुल मालवीय व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।।

### ✻ अंतिम यात्रा ✻



स्व. श्री ज्ञानचंदजी गोयल के सुपुत्र, मेरे छोटे भाई, योगेश, सुरेश, नरेश, मुकेश और दिनेश के काकाजी, राजेश और राकेश (मनीष) के पिताजी और सारांश, कृष और तनिष्क के दादाजी, श्री प्रेमचंदजी गोयल का दुखद निधन 26 फरवरी को हो गया। अंतिम यात्रा दिनांक 27 फरवरी मंगलवार को सुबह 11.30 बजे निज निवास 63, 64 श्री जी पार्क, नरसिंग पूरा के पास, मंदसौर से बड़ी पुलिया मुक्तिधाम, मंदसौर जाएगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
रमेशचंद गोयल, इंदौर

# तीन सालों से एक स्थान पर पदस्थापना वाले अधिकारी उसी लोकसभा क्षेत्र में नहीं रहे तैनात

**मंदसौर, 26 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकारों द्वारा एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में अधिकारियों के स्थानांतरण के मामलों को गंभीरता से लिया है। आयोग ने स्थानांतरित अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव को उसी लोकसभा क्षेत्र के किसी भी जिले में तैनात नहीं करने संबंधी निर्देश जारी किये हैं। मौजूदा त्रुटियों को दूर करते हुए आयोग ने निर्देश दिया है कि दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को छोड़कर सभी राज्य सुनिश्चित करें कि जिन अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया है, उन्हें उसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पदस्थापना नहीं की जाए। आयोग की स्थानांतरण नीति का अक्षरश: पालन किया जाना चाहिए। वास्तविकता को छिपाया नहीं जाये। यह नियम उन तबादलों और पोस्टिंग पर पहले की तरह लागू होता है जिन्हें आयोग के पूर्व निर्देशों के अनुसार पहले ही लागू किया जा चुका है। ईसीआई नीति के अनुसार, उन सभी अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके हैं। इसमें वे अधिकारी भी शामिल हैं जो चुनाव कार्य में सीधे या पर्यवेक्षक की है भूमिका में जुड़े हैं। चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से ख़लल डालने वाले के ख़िलाफ़, आयोग ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। ग़ौरतलब है कि इसी के तहत, हाल ही में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में, आयोग ने विभिन्न अधिकारियों, यहाँ तक कि उन राज्यों के वरिष्ठस्तर के पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया था।


**घनश्याम गुजराती बी.ए., एल. एल. बी. हाईकोर्ट एड०होकेट**
कार्यालय/निवास - 103, अभिनंदन कालोनी विस्तार क्रमांक 2 मंदसौर (म.प्र.)मो.नं. 8871220266
क्रमांक रजि. 316/14 दिनांक 24.02.2024

**// जाहिर सुचना//**

सर्व साधारण को इस जाहिर सुचना के माध्यम से सुचित किया जाता है कि ग्राम शक्करखेड़ी तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर स्थित पहन. 04 कृषि भुमि सर्वे नं. 1285 रकबा 0.670, सर्वे नं. 1286 रकबा 0.210 हेक्टर, सर्वे नं. 1287 रकबा 0.160 हेक्टर कुल सर्वे नं. 03 कुल रकबा 1.040 हेक्टर कृषि भुमि जो कि मुकेश पिता गोकर सोलंकी एवं नंदुबाई पति गोकर सोलंकी बागरी के नाम से राजस्व रिकार्ड दर्ज है उक्त भुमि के भुमि स्वामी मुकेश व नंदुबाई द्वारा मेरे पक्षकार को उक्त भुमि विक्रय करने बाबत् एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया था एवं अनुबंध निष्पादन के दिनांक तक अलग अलग दिनांको में 15,00,000/-रूपये प्राप्त कर लिये थे एवं 06 माह में उक्त भुमि स्वामी द्वारा विधिवत भुमि का सीमांकन कराकर मेरे पक्षकार के हक मे भुमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित करवाना था।

उक्त भुमि स्वामी/अनुबंधकर्तागण द्वारा आज दिनांक तक उक्त भुमि का न तो सीमांकन करवाया और ना ही मेरे पक्षकार को इस बावत् कोई सुचना दी जबकि मेरा पक्षकार भुमि विक्रेता से भुमि क्रय करने हेतु हमेशा तैयार व तत्पर था परंतु भुमि स्वामी द्वारा अनुबंध की शर्त अनुसार सीमांकन नहीं कराया होने से एवं निर्धारित समय में अनुबंध का पालन नहीं करने से मेरा पक्षकार उक्त विक्रेता से भुमि क्रय नही करना चाहता है और अपना सौदा निरस्त करता है।

अनुबंध की शर्त अनुसार मेरा पक्षकार उक्त भुमि विक्रेता को दी गई अग्रिम राशि 15,00,000/- अनुबंध शर्त अनुसार वापस प्राप्त करने का अधिकारी है इसलिए उपरोक्त उपर वर्णित कृषि भुमि का उक्त भुमि स्वामी से कोई भी व्यक्ति सौदा करे तो वह मेरे पक्षकार से विक्रेतागण द्वारा प्राप्त की गई राशि का निराकरण करवा कर ही उक्त भुमि का सौदा तय करे। अत: इस जाहिर सुचना के माध्यम से सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि जब तक उपरोक्त भुमि के विक्रेतागण/अनुबंधकर्ता द्वारा मेरे पक्षकार से प्राप्त की गई अग्रिम राशि रूपये 15,00,000/-मेरे पक्षकार को मय हर्जे खर्च के वापस नहीं कर दी जावे तब तक कोई भी व्यक्ति उक्त भुमि का सौदा नही करे, अन्यथा व्यर्थ में विवाद में पड़ेगा और हासिल कुछ नही होगा, मेरा पक्षकार इस संबंध मे कानुनी कार्यवाही करने हेतु अग्रसर है सुचित हो।

घनश्याम गुजराती
हाई कोर्ट एडवोकेट, मंदसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एड०होकेट**
गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 26.02.2024

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बद्री सिंह पिता तंवर सिंह जाति राजपूत, निवासी हिंगोरिया छोटा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर द्वारा आवासीय भवन जो कि ग्राम हिंगोरिया छोटा, प.ह.नं. 55, ग्राम पंचायत हिंगोरिया छोटा, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249402024ए 1224772 दिनांक 22. 02.2024 को हंसा कुंवर पति बद्रीसिंह जाति राजपूत, निवासी हिंगोरिया छोटा तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है- चर्तु:सीमा- पूर्व में-स्वयं की भूमि व आम रास्ता, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में - दुर्गा सिंह का मकान, दक्षिण में-स्वयं की भूमि, पैमाईश-लम्बाई 106 फीट तथा चौड़ाई 37 फीट है। कुल क्षेत्रफल - 3922 वर्गफीट यानी 364.49 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर दिनेश बद्री सिंह पिता तंवर सिंह जाति राजपूत, द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in